## कक्षा-10

# सामाजिक विज्ञान

(ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक विरासत, पर्यावरण अध्ययन , नागरिक जीवन एवं आर्थिक विकास )

**निर्देश** : प्रारम्भ के 15 मिनट परीक्षार्थियों को प्रश्नपत्र पढने के लिए निर्धारित हैं|

*सूचना* :

1. यह प्रश्नपत्र दो खण्डों **क** एवं **ख** में विभाजित हैं | प्रत्येक खण्ड के सभी प्रश्न एक साथ हल करना आवश्यक है | प्रत्येक खण्ड का उत्तर नए पृष्ट से प्रारम्भ किया जाय |
2. प्रत्येक प्रश्न के लिए निर्धारित अंक उसके सम्मुख अंकित हैं|
3. प्रश्नपत्र में **चार** प्रकार के प्रश्न हैं – बहुविकल्पीय , अति लघु उत्तरीय , लघु उत्तरीय व विस्तृत उत्तरीय, जिनके सम्बन्ध में निर्देश उनके आरम्भ में दिए गए हैं |
4. **क** तथा **ख** खण्डों हेतु दिए गए मानचित्रों को उत्तर-पुस्तिका में मजबूती के साथ संलग्न करना आवश्यक है|
5. दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए मानचित्र कार्य के स्थान पर अलग से खण्ड-क में प्रश्न संख्या 14 तथा खण्ड-ख में प्रश्न संख्या 28 के उत्तर लिखने के लिए दिए गए हैं |

## खण्ड-क

### (बहुविकल्पीय प्रश्न)

1. मैकियावेली द्वारा लिखित पुस्तक है

    1. डिवाईन कॉमेडी
    2. दास कैपिटल
    3. दी प्रिन्स
    4. यूटोपिया

2. औद्योगिक क्रांति का प्रारम्भ हुआ था
    1. फ्रांस में
    2. इंग्लैण्ड में

3. जर्मनी में
4. भारत में

3. वास्को डी गामा कालीकट पहुंचा

1. 1482 ई०
2. 1488 ई० में
3. 1492 ई० में
4. 1498 ई० में

4. प्लासी के युद्ध के समय बंगाल का नबाब कौन था ?

1. सिराजुद्दौला
2. अलीवर्दी खां
3. मुर्शिद कुली खां
4. मीर कासिम

5. संसद के संयुक्त अधिवेशन की अध्यक्षता करता है

1. लोकसभा का अध्यक्ष
2. उप-रास्त्रपति
3. राष्ट्रपति
4. प्रधानमंत्री

6. गुटनिरपेक्ष देशों का प्रथम सम्मेलन हुआ था
1. बेलग्रेड में
2. हरारे में
3. नई दिल्ली में
4. कोलम्बो में

## (अति लघु उत्तरीय प्रश्न)

7. फ्रांस की क्रांति के **दो** कारण बताइए |

8. राज्य के मुख्यमंत्री की नियुक्ति किस प्रकार की जाती है ? सम्पूर्ण प्रक्रिया समझाइए |

9. उत्तर प्रदेश की विधान परिषद् के गठन पर प्रकाश डालिए |

## (लघु उत्तरीय प्रश्न)

10. राष्ट्र संघ (लीग ऑफ़ नेशन्स) की असफलता के **तीन** कारण बताइए |

**अथवा**

हिटलर कौन था ? उसकी नीतियों ने किस प्रकार द्वितीय विश्वयुद्ध को प्रभावित किया ?

11. भारत के राष्ट्रपति की **दो** संवैधानिक शक्तियों का वर्णन कीजिये

**अथवा**

राज्यसभा के सदस्यों की क्या अर्हताएं निर्धारित की गई हैं ? स्पष्ट उल्लेख कीजिये |

## (दीर्घ उत्तरीय प्रश्न)

12. नरमपंथी एवं गरमपंथी नेताओं की नीतियों एवं कार्यक्रमों का अन्तर स्पष्ट कीजिये

**अथवा**

विवेकानन्द कौन थे ? उनका कहाँ जन्म हुआ था ? उनकी शिक्षाओं का भारतीय समाज पर क्या प्रभाव पड़ा ?

13. भारत की विदेश नीति की किन्ही **तीन** विशेषताओं को उदाहरण सहित समझाइए |

**अथवा**

संयुक्त राष्ट्र की स्थापना कब और कहाँ की गई थी ? इसके **किन्ही चार** विशिष्ट संस्थाओं का वर्णन कीजिये|

## (मानचित्र सम्बन्धी प्रश्न)

*सूचना* : प्रश्न संख्या 14 दिए गए भारत के मानचित्र से सम्बंधित है, निम्नलिखित स्थानों को भारत के मानचित्र में (०) चिह्न द्वारा नाम सहित दर्शाइए | सही नाम तथा सही चिन्हं के लिए 1/2 , 1/2 अंक निर्धारित हैं:

14.

1. वह स्थान जहाँ महात्मा गाँधी का जन्म हुआ था |
2. वह स्थान जहाँ भारत की राजधानी है |
3. वह स्थान जहाँ स्वर्ण मंदिर स्थित है |
4. वह स्थान जहाँ दो राज्यों की राजधानी है |
5. वह स्थान जहाँ रानी लक्ष्मीबाई रहती थीं |

## (केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए मानचित्र कार्य के विकल्प के रूप में)

**निर्देश** : निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर अपनी उत्तर-पुस्तिका में लिखिए | मानचित्र का प्रयोग न कीजिये |

14.

1. महात्मा गाँधी का जन्म कहाँ हुआ था ?
2. भारत की राजधानी कहाँ है ?
3. स्वर्ण मंदिर कहाँ स्थित है ?
4. वह स्थान कहाँ स्थित है , जहाँ दो राज्यों की राजधानी है ?
5. रानी लक्ष्मीबाई कहाँ रहती थी ?

## खण्ड-ख

## (बहुविकल्पीय प्रश्न)

**निर्देश** : निम्नलिखित विकल्पों में से सही उत्तर चुनकर अपनी उत्तर-पुस्तिका में लिखिए :

15. भारत के किस राज्य में शीत ऋतू में वर्षा होती है ?

1. गुजरात
2. पश्चिम बं गाल
3. कर्ना टक
4. तमिलनाडु

16. जलोढ़ मिट्टी का निर्मा णकिसके द्वारा होता है ?

1. पवन द्वारा
2. ज्वालामुखी द्वारा
3. नदियों द्वारा
4. हिमानी द्वारा

17. ज्वारीय वन पायें जाते हैं

1. डे ल्टाई
2. मरुस्थलीय भाग में
3. पठारी भाग में
4. पहाड़ी भाग में

18. आयकर किस सूची के अं तर्गआता है ?

1. सं घीसूची
2. समवर्ती सूची
3. राज्य सूची
4. इनमें से कोई नहीं

19. योजना आयोग का अध्यक्ष कौन होता है ?
1. कृषि मं त्री
2. वित्त मं त्री

3. प्रधानमंत्री
4. मानव संसाधन विकास मंत्री

20. भारत में निम्नलिखित वस्तुओं में से सबसे अधिक किस वस्तु का निर्यात किया जाता है ?

1. मशीनरी
2. चाय
3. उर्वरक
4. खनिज तेल

**(अति लघु उत्तरीय प्रश्न)**

21. डेल्टा किसे कहते हैं ? वह कैसे बनता है ?

22. जल प्रबंधन किसे कहते हैं ? इसकी दो विशेषताएँ बताइए |

23. 'विनियम' के कोई **दो** लाभ बताइए |

**(लघु उत्तरीय प्रश्न)**

24. बाजार की **तीन** विशेषताओं का उल्लेख कीजिये

**अथवा**

कुशल एवं अकुशल श्रमिक का अन्तर स्पष्ट कीजिये |

25. रेल परिवहन के किन्ही **तीन** आर्थिक लाभों का वर्णन कीजिये

**अथवा**

भारत में जुट की कृषि का संक्षिप्त विवरण निम्न शीर्षकों के अंतर्गत दीजिये

भौगोलिक दशाएं

उत्पादन क्षेत्र

**(दीर्घ उत्तरीय प्रश्न)**

26. भारत के दक्षिणी पठारी भाग का वर्णन निम्न शीर्षकों के अंतर्गत कीजिये :

स्थिति

विस्तार

खनिज सम्पदा

**अथवा**

'भू-मंडलीय तापन' से आप क्या समझते हैं ? इसके **दो** कारण एवं **दो** प्रभाव लिखिए |

27. केंद्र सरकार की आय के **तीन** श्रोतों का वर्णन कीजिये

**अथवा**

भारतीय अर्थव्यवस्था में कुटीर उद्योग के **तीन** लाभ लिखिए

**अथवा**

**(मानचित्र कार्य)**

*निर्देश* : निम्नलिखित को दिए गए भारत के मानचित्र में दर्शाइए

28.

1. दामोदर नदी चिन्ह द्वारा नाम सहित |
2. सतपुड़ा पर्वत चिन्ह द्वारा नाम सहित |
3. कोयला उत्पादन का एक क्षेत्र चिन्ह द्वारा नाम सहित |
4. सूती वस्त्र उद्योग का एक केंद्र चिन्ह द्वारा नाम सहित |
5. न्यून वर्षा वाला एक क्षेत्र चिन्ह द्वारा नाम सहित |

**(केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए मानचित्र कार्य के विकल्प के रूप में )**

*निर्देश* : निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर अपनी उत्तर-पुस्तिका में लिखिए | मानचित्र का प्रयोग न कीजिये |

28.

1. किस सागर में महानदी गिरती हैं ?
2. पश्चिम बंगाल में कोयला उत्पादन का एक क्षेत्र का नाम लिखिए
3. भारत में न्यून वर्षा वाले किसी एक राज्य का नाम बताइए
4. छत्तीसगढ़ की राजधानी का नाम लिखिए
5. चाय उत्पादक एक राज्य का नाम बताइए |